प्रेषक

महानिदेशक उच्चतर शिक्षा हरियाणा
शिक्षा सदन, सैक्टर-5, पंचकुला

सेवा में

सभी एन०एस०एस० कार्यक्रम सम्वन्यक
हरियाणा

यादि क्रमांक:- DHE-230002/15/2021-NSS-DHE
दिनांक, पंचकुला 06/01/2022

विषयः- **राज्य एन०एस०एस० पुरस्कार 2020-2021 बारे।**

****

उपरोक्त विषय के संदर्भ में।

विषयांकित मामले में माननीय मुख्यमंत्री महोदय के आदेशानुसार वर्ष 2017-18 से एन०एस०एस० के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य को मान्यता देने हेतू स्टेट एन०एस०एस० अवार्ड प्रदान किये जा रहे हैं। वर्ष 2020-21 के लिये निम्न श्रेणियों में स्टेट एन०एस०एस० अवार्ड प्रदान करने हेतु नामांकन आमंत्रित किये जाते है:-

S. No	Category	No. of Awards 2020-2021
1.	University NSS Programme Coordinator	01
2.	District NSS Programme Coordinator	01
3.	NSS Programme Officers & NSS Units	03
4.	NSS Volunteers	10 (5 M+5 F)
Total		**15**

एन०एस०एस० कार्यक्रम सम्वन्यकों से अनुरोध है कि नांमाकन भेजते समय सुनिश्चित करें कि:-

1. सभी एन०एस०एस० ईकाईयों तक उक्त सूचना पहुंच जाये।
2. नामांकन उचित प्रारूप में ही भेजा जाए, यदि नामांकन उचित प्रारूप में नहीं होगा तो बिना किसी सूचना के रद्द कर दिया जायेगा।
3. नामांकन में प्रारूप अनुसार गतिविधियां /उपलब्धियां प्रमाणित दस्तावेजों सहित जारी दिशा-निर्देशानुसार प्रस्तुत किये जायें। हर गतिविधि व उपलब्धि के लिये प्रमाण लगाना अनिवार्य है, बिना प्रमाण /दस्तावेज के कोई भी गतिविधियां /उपलब्धियां मान्य नहीं होंगी व उनका मूल्यांकन नहीं होगा।
4. एन०एस०एस० कार्यक्रम सम्वन्यक तथा एन०एस०एस० कार्यक्रम अधिकारी सुनिश्चित करें कि नामांकनों में प्रस्तुत किये गये सभी तथ्य ठीक हो व नांमाकनों को सत्यापित करके भेजे। यदि कोई जानकारी गलत पाई जाती है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी सत्यापित करने वाले कार्यक्रम समन्वयक व कार्यक्रम अधिकारी की होगी। गलत जानकारी पायें जाने पर नामांकन बिना किसी सूचना के रद्द कर दिया जायेगा।
5. केवल पात्र नांमाकन दिशा-निर्देशानुसार ही भेंजे व उचित माध्यम से भेजे गये नामांकन ही स्वीकार होंगे।

अतः स्टेट एन०एस०एस० अवार्ड के दिशानिर्देश, पात्रता, चयन प्रक्रिया इत्यादि भेजते हुये आपसे अनुरोध किया जाता है कि उचित चैनलों के माध्यम से अपने विश्वविद्यालय/जिला से उक्त नामांकनों को नियमानुसार बुनियादी निर्देशानुसार दिनांक 31 जनवरी, 2022 तक भेजना सुनिशचित करें ताकि निदेशालय स्तर पर उचित कार्यवाही समयानुसार की जा सके। नियमित समय उपरान्त प्राप्त नामांकनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

सलंग्नः दिशानिर्देश व प्रारूप

Bhagat 06/01/2022

राज्य रा०से०यो० अधिकारी
कृतेः महानिदेशक उच्चतर शिक्षा
हरियाणा, पंचकुला

पृ० क्रमांकः सम दिनांक, पंचकुला 06/01/2022

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू भेजी जाती है:-

1. क्षेत्रीय निदेशक एन०एस०एस०, नई दिल्ली।
2. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा हरियाणा, पंचकुला।
3. निदेशक, तकनीकी शिक्षा हरियाणा, पंचकुला।
4. इंचार्ज, वेब पोर्टल, उच्चतर शिक्षा, पंचकुला।
5. इंचार्ज, वेब पोर्टल, माध्यमिक शिक्षा, पंचकुला।

Bhagat 06/01/2022

राज्य रा०से०यो० अधिकारी
कृतेः महानिदेशक उच्चतर शिक्षा
हरियाणा, पंचकुला